बातचीत नवभारत से खास बातचीत में बोले मनीष मिश्रा- लंबित काम अब नहीं रुकेंगे

कैंटीन से ऑडिटोरियम तक अधिवक्ताओं के मुद्दे निशाने पर

धनंजय श्रीवास्तव

जबलपुर, नवभारत। मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे अधिवक्ता मनीष मिश्रा ने पढ़ाई, सामाजिक सरोकार और वकालत—तीनों क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाई। पिता से मिले सामाजिक सरोकारों और अनुशासन के संस्कारों के बीच पले-बढ़े मिश्रा ने शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी। बीकॉम और एमकॉम के बाद पांच विषयों में एमए किया और फिर एलएलबी कर 1995 में वकालत में कदम रखा। संगठनात्मक जिम्मेदारियों का सिलसिला 2006 में कार्यकारिणी सदस्य बनने से शुरू हुआ, 2008 में सचिव और 2024 में पहली बार जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने।

अब लगातार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उनके सामने अधिवक्ताओं की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा कराने की चुनौती है। इसी सिलसिले में उनसे खास बातचीत—

प्रश्न : लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने के बाद आपकी प्राथमिकताएं क्या हैं?

उत्तर : यह साथियों के विश्वास का परिणाम है। पिछली कार्यकारिणी के सभी सदस्य काफी सक्रिय रहे और इस बार भी ऊर्जावान टीम चुनी गई है। हमारी कोशिश रहेगी कि अधिवक्ताओं से जुड़े लंबित मामलों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। न्यायालय परिसर में कैंटीन की व्यवस्था पर काम चल रहा है, ताकि अधिवक्ताओं को स्वच्छ भोजन मिल सके। महिला अधिवक्ताओं के लिए महिला कक्ष को भी बेहतर बनाने की दिशा में काम हो रहा है।

प्रश्न : ऑडिटोरियम और पार्किंग जैसे पुराने मुद्दों का क्या होगा?

उत्तर : ऑडिटोरियम का मामला 2018 से लंबित है। शासन से आग्रह है कि राशि जल्द स्वीकृत की जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने इसके लिए 10 लाख रुपये भी दिए हैं। यदि



स्वीकृति में और देरी होती है तो अधिवक्ता संघ भूख हड़ताल तक का रास्ता अपनाएगा, लेकिन न्यायालयीन कामकाज प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। पार्किंग के लिए हाईकोर्ट और सीजेएम को पत्र लिखा गया है। वीआईपी पार्किंग को आम अधिवक्ताओं के उपयोग में लाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रश्न : फर्जी वकीलों पर रोक और न्यायालय की सुरक्षा को लेकर क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर : फर्जी वकीलों पर अंकुश के लिए संघ के संविधान में बदलाव किए गए हैं। अब नए अधिवक्ताओं को दो वर्ष की अस्थायी सदस्यता दी जाती है, इसके बाद स्थायी सदस्यता की प्रक्रिया होती है। वहीं न्यायालय में चाकू-छुरा लेकर आने वालों के खिलाफ हाल में सख्ती हुई है और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा भी बढ़ाई है। न्याय के मंदिर में भय का वातावरण नहीं हो सकता।

प्रश्न : आपके व्यक्तित्व और वकालत के सफर में परिवार की क्या भूमिका रही?

उत्तर : मेरा जन्म 25 जुलाई 1971 को जबलपुर में हुआ। पिता एसपी मिश्रा एमपीईबी में डिप्टी डायरेक्टर रहे और कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के साथ इंटक के उपाध्यक्ष भी रहे। मैं उन्हें अपना आदर्श मानता हूं। दीक्षितपुरा के स्कूल से प्राथमिक शिक्षा के बाद जीएस कॉलेज से बीकॉम और एमकॉम किया। इसके बाद समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास और हिंदी में एमए किया। मां चाहती थीं कि मैं सरकारी नौकरी करूं, लेकिन नियति ने मुझे वकालत के क्षेत्र में ला दिया। 1995 में पंजीयन के बाद इसी पेशे को अपना जीवन बना लिया। सभी वर्गों से मेरे संबंध अच्छे रहे हैं और इसे मैं अपने पिता से मिली सीख का परिणाम मानता हूं।

प्रश्न : बार-बेंच संबंधों और आगे की कार्यशैली को लेकर क्या कहेंगे?

उत्तर : बार और बेंच के संबंध हमेशा अच्छे रहे हैं। अधिवक्ताओं की बात बेंच द्वारा सुनी जाती है और हम भी न्यायिक गरिमा का पूरा सम्मान करते हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि संवाद कायम रहे और अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान आपसी समन्वय से निकले। नई कार्यकारिणी में भी काफी ऊर्जा है और इसी ऊर्जा के साथ लंबित विषयों को परिणाम तक पहुंचाने का प्रयास होगा।

दफ्तरों के गलियारे

निजी जिंदगी हो रही छिन्न भिन्न, कौन संभालेगा....



साहब... कम से कम एक दिन तो हम लोगों को फ्री रहने दो... ऐसे में तो हमारी निजी जिंदगी बुरी तरह छिन्न भिन्न हो रही है और घरेलू विवाद बढ़ने लगे हैं। जैसे ही ये बात समीक्षा बैठक में अवकाश के दिन कलेक्टर के फरमान पर बुलाए गए तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों ने जिला कलेक्टर के समक्ष कही ठीक वैसे ही जिले की पूरी प्रशासनिक मशीनरी में इस जवाब को लेकर गंभीर चर्चा छिड़ गई। उधर कलेक्टर महोदय भी हैरान हो गए दूसरी तरफ तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों ने विरोध बिल्कुल खुलकर किया और कहा कि वे अवकाश के दिन किसी भी बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे। इस साहसिक पहल के बाद कलेक्ट्रेट के बाहर जिला पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास तथा स्कूल शिक्षा जैसे विभागों में भी सरगर्मी बढ़ गई है। विदित हो कि इन संवर्गों के मैदानी कर्मचारी भी अवकाश के दिन निरंतर होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से लंबे अरसे से पीड़ित थे, लेकिन दंडात्मक कार्रवाई के भयवश चुप्पी साधे हुए थे। अब विभिन्न कर्मचारी संगठन भी लामबंद होने की तैयारी में जुट गए हैं कि शासकीय कैलेंडर में दर्ज छुट्टियां कर्मियों का वैधानिक अधिकार है।

देहदान का लिया संकल्प



हाईकोर्ट परिसर में इन दिनों एक जज के देहदान के संकल्प और अपनी करोड़ों की राशि दान करने की घोषणा की चर्चा है। दो अधिवक्ताओं के बीच बातचीत में एक ने कहा- 'जब जज साहब समाज के लिए इतना बड़ा फैसला ले सकते हैं तो हम क्यों नहीं?' दूसरे अधिवक्ता ने मुस्कुराते हुए कहा- 'बिल्कुल, कुछ फैसले मिसाल बनते हैं, और यह भी उन्हीं में से एक है।' बात आगे बढ़ी तो एक अधिवक्ता ने चुटकी ली- 'करोड़ों की संपत्ति का मोह छोड़ना आसान नहीं होता, साहब ने तो जाते-जाते भी समाज के नाम कुछ छोड़ने की तैयारी कर ली।' दूसरे ने कहा- 'यही तो असली बात है, फैसला अदालत में ही नहीं, जिंदगी में भी हो तो उसका असर दूर तक जाता है।' इसके बाद दोनों अधिवक्ता कुछ देर तक इसी संकल्प को लेकर चर्चा करते रहे।

धाराएं छोटी, चोटें बड़ी, बिगड़ा खेल!



शीर्षक तालाब किनारे वाले थाने से जुड़ा हुआ है जहां एक ऐसा मामला चर्चाओं में बना हुआ है जो गले की फंसी हुई हड्डी बन गया। न निगलते बन रहा है और न ही उगलते! हुआ यूं कि जब केस थाने पहुंचा, तो पुलिस ने मामूली धाराएं लगा दी इसके बदले जमकर धन वर्षा कराई गई थी। पुलिस अपनी इस कानूनी कलाकारी पर पीठ थपथपा ही रही थी कि बीच में विस्तृत मेडिकल रिपोर्ट आ धमकी। रिपोर्ट ने सारा खेल बिगाड़ते हुए साफ कर दिया कि चोटें मामूली नहीं, बल्कि बेहद गंभीर और संगीन हैं। इस नए ट्विस्ट के बाद से पुलिस के हाथ-पांव फूले हुए हैं। तीन महीने बीत जाने के बाद भी कोर्ट में चालान पेश करने की हिम्मत नहीं हो पा रही है, क्योंकि पुरानी कहानी और नई रिपोर्ट में जमीन-आसमान का अंतर है। अब थाने के साहबान धाराएं बढ़ाने की स्क्रिप्ट तो लिखे रहे है, लेकिन असली मशक्कत इस बात की है कि पहले की गई खातिरदारी और लापरवाही पर खुद की खाल कैसे बचाई जाए।

विवेक दुबे, धनंजय श्रीवास्तव, अजहर खान

आरक्षक-डॉक्टर भिड़े, बीच सड़क पर चले लात-घूंसे

पहले मैं निकलूंगा की बात पर हाई-वोल्टेज ड्रामा

जबलपुर। लॉर्डगंज थाना अंतर्गत यादव कॉलोनी पुलिस चौकी के कछपुरा इलाके में बीच सड़क पर जमकर हंगामा हुआ। एक ट्रक के बगल से निकलने के दौरान दो बाइक सवार आमने-सामने आ गए। पहले गाड़ी निकालने की होड़ में दोनों पक्षों के बीच शुरू हुई तीखी बहस देखते ही देखते बाइक चालक आरक्षक और डॉक्टर भिंड गए इस दौरान दोनों के बीच सड़क पर लात-घूंसे चले।



जानकारी के मुताबिक, कछपुरा में ट्रक के साइड से दोनों बाइक चालक आगे निकलने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान दोनों गाड़ियाँ आमने-सामने आ गईं। एक बाइक चालक मदन महल थाने में पदस्थ पुलिस आरक्षक आयुष ठाकुर सवार थे जबकि दूसरी बाइक पर गणेश नगर निवासी डॉक्टर पवन पटेल अपने साथी के साथ सवार थे। पहले मैं निकलूंगा की बात पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच सड़क पर अचानक हुए इस हंगामे और लात-घूंसों के चलने से अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हंगामा बढ़ता देख आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह दोनों पक्षों को अलग किया और बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घटना की जानकारी मिलते ही यादव कॉलोनी पुलिस चौकी की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले आई।

घंटों चली बातचीत, बिना शिकायत के समझौता

थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की। थाने में काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच समझाइश और बातचीत का दौर चलता रहा। घंटों चली जद्दोजहद और मान-मनौव्वल के बाद, दोनों पक्षों ने कानूनी कार्रवाई न करने का फैसला किया। पुलिस के मुताबिक, किसी भी पक्ष ने मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है, जिसके बाद दोनों पक्षों को आपसी रजामंदी से घर भेज दिया गया।

शराब तस्कर गिरफ्तार

जबलपुर। ग्वारीघाट पुलिस ने शराब तस्कर को दबोचा है। जिसके कब्जे से 290 पाव देशी शराब जब्त की गई है। टीआई कन्हैया सिंह बघेल ने बताया कि पुरानी बस्ती में घेराबंदी कर उमेश पटेल पिता स्व. रामकिशन पटेल 63 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती झल्ला पटेल को दबोचा गया। जिसके कब्जे से कुल 290 पाव देशी शराब कीमती लगभग 29 हजार रूपये की जब्त की गई। आरोपी उमेश पटेल आपराधिक प्रवृति का जिसके विरूद्ध पूर्व से अवैध शराब, व सट्टा के 45 अपराध दर्ज है ।

आईशर की टक्कर से पलटा ऑटो, युवक दबा

जबलपुर । अधारताल थाना अंतर्गत शोभापुर के पास आईसर की टक्कर से ऑटो पलट गया। हादसे में युवक दब गया जिसे चोटें आ गई। पुलिस के मुताबिक विभाष रैकवार 25 वर्ष निवासी गोकलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अधारताल से शोभापुर ब्रिज की तरफजा रहा था उसी समय पीछे से आ रही टाटा की आईसर वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड एल का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके आटो में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे उसका आटो पलट गया जिससे वह नीचे दब गया टक्कर लगने से उसके सिर, चेहरे दोनों कंधों, वायें पैर, दाहिनी जांघ में चोट आई । घायल को तत्काल उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

एक नजर में

स्लीपर कोच से बैग चोरी करने वाला गिरफ्तार

जबलपुर। जीआरपी जबलपुर ने चोरी के मामले में फरार आरोपी हर्ष खंगार (19), निवासी ग्राम रजवई, मझौली को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने करीब छह माह पूर्व कटनी से देवरी जाते समय कटनी-भुसावल पैसेंजर के स्लीपर कोच से बैग चोरी करना स्वीकार किया। बैग में टैबलेट, पावर बैंक, दो पेन ड्राइव, 8 हजार रुपये नकद, एटीएम कार्ड व कपड़े थे। आरोपी ने टैबलेट 4 हजार रुपये में बेच दिया था। उसकी निशानदेही पर करीब 3 हजार रुपये कीमत का शाओमी पावर बैंक और दो पेन ड्राइव बरामद किए गए। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत के मार्गदर्शन में प्र.आर. संतोष कुमार चौबे, सउनि नरेश चौधरी, आरक्षक भूपाल सिंह व प्र.आर. हरस्वरूप शर्मा की भूमिका रही।

पमरे की झोली में 3,935 करोड़, त्यौहारों में दौड़ेंगी स्पेशल ट्रेनें

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के पहले पांच माह में 3,935 करोड़ 26 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। पिछले साल इसी अवधि में 3,652 करोड़ 91 लाख की आय हुई थी, यानी इस बार 282 करोड़ 35 लाख की बढ़ोतरी के साथ राजस्व में 7.73 प्रतिशत का इजाफा हुआ। इसमें यात्री यातायात से 1,151 करोड़ 24 लाख, माल यातायात से 2,563 करोड़ 67



लाख, अन्य कोचिंग से 82 करोड़ 98 लाख और विविध आय से 137 करोड़ 38 लाख शामिल हैं। मंडलवार देखें तो जबलपुर मंडल ने सर्वाधिक 2,407 करोड़ 41 लाख, भोपाल ने 895 करोड़ 84 लाख और कोटा मंडल ने 632 करोड़ 1 लाख का योगदान दिया। त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अक्टूबर-नवंबर में स्पेशल ट्रेनों की 100 सेवाएं चलेंगी। इनमें जबलपुर-हरिद्वार-जबलपुर और जबलपुर-निजामुद्दीन-जबलपुर की 10-10, रीवा-रानी कमलापति की 8, रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर की 12, रानी कमलापति-दानापुर की 22, सोगरिया-दानापुर की 12 और कटनी-सतना की 26 अनारक्षित स्पेशल सेवाएं शामिल हैं। पमरे ने भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त कोच, नए ठहराव और प्रतीक्षा सूची कम करने के इंतजाम किए हैं। वहीं माल यातायात बढ़ाने के लिए 24 घंटे लोडिंग-अनलोडिंग, नए गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल और साइडिंग विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है।

हिंदी दिवस पर सायेशा ने मारी बाजी, काव्य पाठ में प्रथम



जबलपुर। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में 19 सितंबर को आयोजित हिंदी दिवस समारोह में जबलपुर के समाजसेवी सुबोध जैन की नौ वर्षीय नातिन सायेशा शर्मा ने काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। सायेशा ने शैल चतुर्वेदी की चर्चित व्यंग्य कविता 'हमारे देश का प्रजातंत्र एक ऐसा तंत्र है, जिसमें हर बीमारी स्वतंत्र है' का प्रभावी पाठ कर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं।




मंदिर में चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, 2 .5 लाख का माल बरामद

जबलपुर। सिविल लाइन थाना अंतर्गत विनोबा भावे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित शिव शक्ति दुर्गा मंदिर में चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। जिसके पास से चोरी हुआ चांदी का छत्र, दो मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की मोटरसाइकिल सहित कुल 2.5 लाख का माल बरामद कर लिया है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी शशि धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 और 19 सितंबर की दरमियानी रात छुई खदान रोड स्थित शिव शक्ति दुर्गा मंदिर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मंदिर और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसके बाद दीपक उर्फ बबलू पिता छोटेलाल चौधरी, निवासी छुई खदान को हिरासत में ले लिया गया। जब पुलिस ने आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने मंदिर में चोरी की बात कबूल कर ली। उसके पास से मंदिर से चोरी गया चांदी का छत्र और अन्य पूरा सामान सुरक्षित बरामद कर लिया गया। आरोपी के पास से जो मोटरसाइकिल जब्त हुई है, वह भी चोरी की है। आरोपी ने स्वीकार किया कि यह मोटरसाइकिल उसने 2 साल पहले सिविल लाइन क्षेत्र से ही चुराई थी, जिसका उपयोग वह इस वारदात को अंजाम देने के लिए कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

इंजन से उठा धुआं, आउटर पर रोकी कुशीनगर एक्सप्रेस



जबलपुर। गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जा रही कुशीनगर एक्सप्रेस के इंजन से अचानक धुआं उठने पर रेलवे में हड़कंप मच गया। पमरे के इटारसी स्टेशन से रवाना होने के बाद ट्रेन को नाला मोहल्ला आउटर पर मेन लाइन में रोक दिया गया। बताया गया कि इंजन के अंदर एक कनेक्टर में तकनीकी खराबी आने से धुआं उठने लगा। स्थिति भांपते हुए लोको पायलट ने एहतियात बरतते हुए ट्रेन को आउटर पर ही रोक दिया। सूचना मिलते ही रेलवे के तकनीकी कर्मचारी और अधिकारी मौके पर पहुंचे और इंजन की जांच शुरू की। इस दौरान ट्रेन मेन लाइन पर खड़ी रही और यात्री तकनीकी टीम की जांच पूरी होने तथा ट्रेन के दोबारा रवाना होने का इंतजार करते रहे। घटना के चलते ट्रेन के परिचालन पर कुछ समय के लिए असर पड़ा।

नवरात्रि में अमर्यादित गतिविधियों पर लगाई जाए रोक

नवभारत, जबलपुर। अर्पित सिंह ठाकुर (प्रांत मंत्री महाकौशल प्रांत, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल) द्वारा मंत्री को भेजे गए पत्र के बाद संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह को एक पत्र प्रेषित किया है। कलेक्टर को भेजे गए पत्र में स्पष्ट लिखा है कि जबलपुर में आगामी नवरात्रि पावन पर्व के दौरान असामाजिक एवं अमर्यादित गतिविधियों पर रोक लगाई जाए और सुनिश्चित कार्रवाई की जाए। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री को भेजे गए आवेदन में अवगत कराया गया है कि आगामी पावन पर्व नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों (जैसे गरबा डांडिया एवं दुर्गा पूजा पांडालों) में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अमर्यादित एवं अनुचित गतिविधियां संचालित की जाती हैं, जिससे पर्व की पवित्रता तथा शांति-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। अतः धार्मिक आस्था एवं सामाजिक परम्परा के अनुसार दुर्गोत्सव समितियों एवं गरबा पांडालों में गरिमापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

प्रदर्शन लाला लाजपत राय वार्ड के हाल बदहाल, कांग्रेसियों ने नारेबाजी के साथ किया विरोध प्रदर्शन

जर्जर सड़क के गड्ढ़े में विधायक का पोस्टर किया विसर्जित



नवभारत, जबलपुर। कैंट विधानसभा के लाला लाजपत राय वार्ड के गांधी चौक से मुखर्जी चौक एवं नानक नगर वाली जाने वाली जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर और बजबजाती नालियां, सार्वजनिक जल स्रोत कुएँ की बदहाली एवं सार्वजनिक पार्क पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कब्जे, विधायक अशोक रोहाणी के खिलाफ कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और वार्ड में घूमकर जनजागरण किया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नालियों और जर्जर सड़क के गड्ढों में सांकेतिक रूप से क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी का पोस्टर विसर्जित किया।

कांग्रेस नेताओं ने स्थानीय विधायक और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि शीघ्र ही जन समस्याओं का निराकरण किया जाए एवं पार्क को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए एवं अन्य क्षेत्रों की जन समस्याओं पर भी ध्यान दिया जाए।

विरोध प्रदर्शन में अमरीश मिश्रा नेता प्रतिपक्ष नगर निगम जबलपुर, राजेश यादव पूर्व पार्षद, रविंद्र कुशवाहा, राजेंद्र मिश्रा, नेम सिंह, अनिल शर्मा, राजू कनौजिया, सौरभ यादव, रमेश बोहित, अशोक बर्मन, अनिल सोनकर, मुकेश श्रीवास्तव, इंद्रजीत कुशवाहा, बबलू यादव, संत कुमार कुशवाहा, मोहन उइके सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

केवल दवाइयों द्वारा हार्ट का इलाज

बिना एंजियोग्राफी
बिना एंजियोप्लास्टी
बिना बाईपास सर्जरी
बिना भर्ती किये

Google 4.9/5.0

24 वर्षों के अनुभव के साथ

डॉ. अतुल महेरे
हृदय रोग विशेषज्ञ

सटीक सलाह से 5 लाख से ज्यादा लोगों को लाभ

समय 11.00 से 5.00 बजे

स्पंदन हार्ट क्लीनिक

पता- भंवरताल पार्क तिराहा, नेपियर टाउन, जबलपुर मो.-7805082378

Mr. Solar
महाकौशल का सबसे भरोसेमंद
सोलर पार्टनर
कोई झूठा वादा नहीं, सिर्फ सच

Mr. Solar
Anyone you deserve the best

• कम बिजली बनने पर क्षतिपूर्ति हम करेंगे
• सबसे तेज सब्सिडी प्रोसेसिंग
• विक्रय पश्चात सर्वोत्तम वाशिंग एवं मेंटेनेंस सर्विस
• सर्टिफाइड प्रोडक्ट

Office : Pls call us on 6267100743, 9644555001

Mr. Solar & Co- 402, 4th Floor, Kaushalya Vihar Apartment, Near Bhanwartal Garden, Napier Town, Jabalpur